मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 11111 / W-52 / 110 दिनांक 07/09/2025

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर"संदलपुर में 03 करोड़ की टंकी बनी शोपीस : 450 कनेक्शन के बावजूद घरों तक नहीं पहुंचा पानी बोर्ड से मिटाई गई काम खत्म होने की तारीख" के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर"संदलपुर में 03 करोड़ की टंकी बनी शोपीस : 450 कनेक्शन के बावजूद घरों तक नहीं पहुंचा पानी बोर्ड से मिटाई गई काम खत्म होने की तारीख"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत लौवा में निर्माणाधीन पेजयल योजना विकास खण्ड सन्दलपुर जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मेसर्स वी0एस0ए0—एस0सी0एल0 लि0 के द्वारा जिसकी अनुमानित लागत रू0 292.18 लाख है। उक्त योजना में 02 नग राजस्व ग्राम लौवा एवं जौरा सम्मिलित है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित नलकूप, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल, पम्प हाउस, अवर जलाशय, वितरण प्रणाली एवं पेयजल हाउस कनेक्शन इत्यादि कार्य पूर्ण कराये जा चुके है। वर्तमान में सोलर पैनल की वी0एफ0डी0 खराब हो गयी है तथा कुछ स्थानों पर इण्टर कनेक्शन का कार्य शेष है, सम्बन्धित कार्यदायी फर्म को उक्त कमियों का निराकरण एवं अवशेष कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है, जिनको पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को नियमित शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि योजना के साइनेज बोर्ड पर अंकित पूर्णता की पूर्व निर्धारित तिथि जल जीवन मिशन 2.0 के अनुसार पुनरीक्षित करते हुये माह—मार्च 2027 निर्धारित की गयी है। ऐसी स्थिति में साइनेज बोर्ड पर पूर्व निर्धारित पूर्णता तिथि का अंकित रहना उचित एवं प्रासंगिक नहीं था, अतः उक्त पुरानी तिथि को बोर्ड से मिटा दिया गया है। सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक—उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0** / W-52 / **दिनांक**.........................

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, कानपुर देहात।
2. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात।

अधिशासी अभियन्ता